# छात्रावास में चूल्हा जलाकर भोजन बना रहीं छात्राएं

## वीडियो वायरल होने पर सक्रिय हुआ प्रशासन, मांगा जवाब

नवभारत न्यूज

**सतना 28 मई. कड़ी निगरानी के आभाव में व्यवस्था का तकाजा कुछ ऐसा होता जा रहा है कि जब तक डंडे के जोर पर हांका न जाए तब तब जिम्मेदारों के कान नहीं खड़े होते. छात्रावास में रहकर अध्ययन कर रही छात्राओं को यदि अपने-अपने घर से राशन लाकर लकड़ी जलाते हुए भोजन बनाना पड़ेगा तो फिर भला वे अपनी पढ़ाई कैसे पूरी कर पाएंगी. गनीमत रही कि इस अव्यवस्था से जुड़ा वीडियो वाइरल होने पर प्रशासन ने सक्रियता दिखाई और जिम्मेदारों से जवाब तलब करते हुए कार्रवाई की बात कही.**

मैहर जिले में स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती कन्या छात्रावास का एक वीडियो गुरुवार को जमकर वाइरल हुआ. दरअसल यह वीडियो उक्त छात्रावास में रहने वाली छात्राओं द्वारा जारी किया गया था. वीडियों में छात्राओं ने अपनी व्यथा स्पष्ट तौर पर बताते दिखाते हुए व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने की मांग की. वीडियो के जरिए छात्राओं ने बताया कि पिछले 2 महीने से छात्रावास में



भोजन की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है. जिसके चलते उन्हें लकड़ी जलाकर चूल्हे पर भोजन बनाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है. इतना ही नहीं बल्कि कई बार तो उन्हें राशन भी अपने-अपने घरों से लाना पड़ता है. जिसके चलते उनका पूरा समय भोजन की व्यवस्था करने में निकल जाता है, और उनकी पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित होती है. यह वीडियो सोशल मीडिया में वाइरल होते ही प्रशासनिक अमले के बीच हड़कंप मच गया और आनन-फानन में मामले से संबंधित जानकारी तलब की जाने लगी.

### दोषी मिलने पर होगी कार्रवाई



इस संबंध में कलेक्टर मैहर विदिशा मुखर्जी का कहना है कि मामले को संज्ञान में लेते हुए छात्रावास की वार्डन के विरुद्ध नोटिस जारी कर दी गई है. इसमें यदि जिला ट्राइबल ऑफिसर कमलेश शुक्ला दोषी पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध भी कार्रवाई होगी. इसी कड़ी में जिला पंचायत सीईओ शैलेंद्र सिंह ने बताया कि संबंधित छात्रा से वीडियो कॉल के जरिए मामले की जानकारी ली गई है. छात्रावास के वार्डन को नोटिस जारी किया जा चुका हैं. जबकि इस समूचे मामले में लीपापोती का प्रयास करते नजर आए जिला ट्राइबल अधिकारी कमलेश शुक्ला का कहना है कि छात्राओं के लिए भोजन की व्यवस्था करा दी गई है. छात्रावास की व्यवस्थाओं की विस्तृत जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# दो बाइकों को मारी टक्कर एक की मौत, पांच घायल

## मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की खोज शुरू की

नवभारत न्यूज

**रीवा, 28 मई, रीवा जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र में बीती रात्रि तकरीबन 12 बजे हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए हैं घायलों में एक की हालत गंभीर बताई गई है जिसे उपचार के लिए जबलपुर रेफर कर दिया गया है**

घटना के संबंध में मृतक मोनू कोल निवासी ग्राम बधवा थाना रायपुर कर्चुलियान के पिता बैजूलाल ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका बेटा पांच लोगो के साथ दो बाइक से ननिहाल गुढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम चंदेहरी गए हुए थे जहां से रात्रि लगभग 12 बजे वापस आ रहे थे इसी दौरान रास्ते में अज्ञात बहन ने दोनों बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे में बाईक सवार पांचो लोग घायल हो गए. बताया गया है कि इस दौरान मोनू पाल की मौत हो गई जबकि गुड्डु की हालत गंभीर बताई गई है जिसे उपचार के लिए जबलपुर रेफर कर दिया गया है घटना कैसे और किस वाहन से हुई अभी इसकी जानकारी नहीं मिली है पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# जवा थाना का आक्रोशित परिजनों ने किया घेराव

## मामला पुलिस कर्मियों से युवक के साथ मारपीट का

नवभारत न्यूज

**रीवा, 28 मई, रीवा जिले के जवा थाना में उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब आक्रोशित परिजनों ने थाने का घेराव कर दिया।**

परिजनों का आरोप है कि गैस एजेंसी जवा में सिलेंडर लेने गए युवक विपिन सिंह को डायल-112 के ड्राइवर और एक आरक्षक ने थाने लाकर मारपीट की। पीड़ित विपिन सिंह ने पुलिस कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बिना वजह उसके साथ अभद्रता और मारपीट की गई। घटना का कथित ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसके बाद मामला और गरमा गया। परिजन दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और तत्काल निलंबन की मांग पर अड़े रहे। वहीं स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि डायल-112 का ड्राइवर खुद को पुलिस कर्मी बताकर धौंस दिखाता है और वसूली करता है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा सहित कई थानों की पुलिस बल तैनात रही। वही इस पूरे मामले को लेकर एएसपी संदीप मिश्रा ने आक्रोशित परिजनों को समझाइस देकर मामले को शांत कराया है और पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए।

# सात साल की सजा काटने के बाद लौटे आरोपी ने की महिला की हत्या

- आक्रोशित परिजनों ने किया चक्काजाम

नवभारत न्यूज

**सीधी, 28 मई. जिले के सेमरिया थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पोंडी में गुरुवार सुबह 10 बजे इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली वारदात सामने आई, जहां 55 वर्षीय राजवंती जायसवाल की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। 7 साल बाद जेल से लौटे शख्स ने महिला की हत्या की।**

इस सनसनीखेज घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल बन गया।आक्रोशित परिजनों ने चक्काजाम कर दिया। उनकी मांग थी की मुख्य आरोपी को तो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया लेकिन राजवंती जायसवाल को पकड़ कर मारपीट कराने वाली आरोपी की पत्नी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है। पुलिस के कार्रवाई के आश्वासन के बाद चक्काजाम समाप्त किया गया। मर्डर का आरोप गांव के ही रामसजीवन विश्वकर्मा उर्फ कदे और उसकी पत्नी सुशीला विश्वकर्मा पर लगा है। मिली जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार सुबह करीब 10 बजे की है। बताया जा रहा है कि राजवंती जायसवाल दवाई कराने के लिए जा रही थीं, तभी आरोपी रामसजीवन विश्वकर्मा अचानक उन पर टूट पड़ा और डंडे से सिर एवं गले पर ताबड़तोड़ वार करने लगा। वही मृतका के परिजनों का आरोप है कि इस दौरान आरोपी की पत्नी सुशीला विश्वकर्मा ने राजवंती को पकड़ रखा था, जिससे वह खुद को बचा नहीं सकीं। गंभीर चोटों के कारण महिला की हालत बिगड़ गई और उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां सुबह करीब 11 बजे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।



### तीन महीने पहले आरोपी की पत्नी से हुआ था विवाद

मृतका के बेटे अशोक जायसवाल ने बताया है कि करीब तीन महीने पहले उसकी मां और आरोपी महिला सुशीला विश्वकर्मा के बीच बातचीत को लेकर विवाद हुआ था। जहां उसी रंजिश में आरोपियों ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। अशोक का आरोप है कि सुशीला ने अपने पति को उकसाकर उसकी मां की हत्या भी करवाई है। इस घटना की सूचना मिलते ही सेमरिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।पुलिस ने मुख्य आरोपी रामसजीवन विश्वकर्मा उर्फ कदे को गिरफ्तार भी कर लिया है। हालांकि आरोपी की पत्नी की गिरफ्तारी नहीं होने से ग्रामीणों और परिजनों का गुस्सा भड़क उठा।

### सीधी-हनुमानगढ़ मुख्य मार्ग पर चक्काजाम

दोपहर करीब 2 बजे से आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने सीधी-हनुमानगढ़ मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और प्रदर्शनकारी एक ही मांग पर अड़े रहे कि महिला आरोपी को भी तत्काल गिरफ्तार किया जाए। वही ग्रामीणों ने बताया है कि आरोपी रामसजीवन विश्वकर्मा पहले भी अपने ही भाई की हत्या के मामले में जेल जा चुका है। वह करीब सात साल की सजा काटकर एक महीने पहले ही गांव लौटा था और अब फिर हत्या की वारदात से इलाके को दहला दिया।

### इनका कहना है

फिलहाल यह माना जा रहा है कि पुरानी रंजिश के कारण हत्या की गई है। आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया है। वहीं प्रदर्शन कारियों को भी समझाइश दी गई है कि पूरे मामले की विधिवत जांच होगी इसमें और जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। पुलिस के कार्रवाई के आश्वासन के बाद चक्काजाम आंदोलन समाप्त हुआ।

**केदार परौहा,** थाना प्रभारी सेमरिया

# ललितपुर रेल परियोजना के अलाइनमेन्ट की समीक्षा होगी

## पन्ना वन क्षेत्र के मामले को रेल मंत्री ने गंभीरता से लिया

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 मई. ललितपुर सिंगरौली रेल लाइन परियोजना बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण रेल कनेक्टिविटी परियोजना है। यह परियोजना मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के पिछड़े एवं दूरस्थ क्षेत्रों को रेल नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम है।**




प्रस्तावित रेल लाइन मध्य प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र को झांसीङ्कभोपाल मुख्य रेल मार्ग से जोड़ेगी, जिससे क्षेत्रीय विकास, रोजगार एवं आवागमन को नई गति मिलेगी। यह रेल लाइन पन्ना के जंगल क्षेत्र से होकर गुजरती है। परियोजना के अलाइनमेंट से संबंधित समाचारों का रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संज्ञान लिया है। रेल मंत्री ने परियोजना के अलाइनमेंट से जुड़े ड्रोन फोटोग्राफ्स एवं टोपो शीट का विस्तृत अध्ययन किया रेल मंत्री श्री वैष्णव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वर्तमान अलाइनमेंट का पुन: तकनीकी परीक्षण कराया जाए। इसके लिए विशेषज्ञों की टीम को शामिल कर रेलवे लाइन निर्माण के सभी संभावित विकल्पों का अध्ययन किया जाएगा, ताकि पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव पड़े एवं अधिक से अधिक पेड़ों को सुरक्षित रखा जा सके।

### बारिश के पहले दो गुने पेड़ लगाए जाएंगे

रेल मंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि प्रभावित क्षेत्र में जितने पेड़ प्रभावित होंगे, उनसे दोगुने से अधिक संख्या में पेड़ आगामी मानसून से पूर्व लगाए जाएं। भारतीय रेल विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। यह परियोजना क्षेत्रीय संपर्क, आर्थिक विकास और सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# प्रभारी सीएमओ पर साढ़े 15लाख की रिकवरी

## नागौद नगर पंचायत की ऑडिट रिपोर्ट में मामला सामने आया

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 मई. नगर परिषद नागौद के व्यय लेखा की संपरीक्षा ( ऑडिट ) के दौरान एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। तत्कालीन प्रभारी सीएमओ लखनलाल ताम्रकार के कार्यकाल में व्यापक स्तर पर गंभीर वित्तीय अनियमितताएं और नियमों की खुली अवहेलना उजागर हुई है।**

स्थानीय निधि संपरीक्षा रीवा के ऑडिट दल द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार, इन गड़बडियों के कारण नगरीय निकाय को कुल ?15,70,828 की प्रत्यक्ष आर्थिक क्षति पहुंची है। ऑडिट दल द्वारा की गई जांच में मुख्य रूप से तीन बड़े वित्तीय और प्रशासनिक उल्लंघन पाए गए हैं. जिनमें से ई-टेंडरिंग की अनिवार्य प्रक्रिया से बचने और चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए फाइलों को छोटे-छोटे हिस्सों में तोड़ा गया। सरकारी वाहनों और मशीनरी के लिए तय नियमों को ताक पर रखकर बड़े पैमाने पर ईंधन (डीजल/पेट्रोल) का अवैध वितरण किया गया। चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण और संवेदनशील सरकारी आदेशों व दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया गया। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, लखनलाल ताम्रकार वर्तमान में नगर पालिका परिषद मैहर में मुख्य लिपिक-सह-लेखापाल के पद पर पदस्थ हैं और वे अगले वर्ष अप्रैल 2027 में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। मामले की गंभीरता और भारी-भरकम राशि के गबन को देखते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी नागौद ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने तत्काल प्रभाव से सीएमओ मैहर को एक आधिकारिक पत्र भेजकर निर्देश जारी किए हैं कि श्री ताम्रकार के सेवा अभिलेखों में इस ?15.70 लाख से अधिक की वसूली को अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। वहीं जब तक इन गंभीर ऑडिट आपत्तियों का पूरी तरह निराकरण नहीं हो जाता, तब तक उनके सभी अंतिम स्वत्वों के भुगतान पर पूरी तरह रोक लगाई जाए।

# कुएं में गिरने से महिला की मौत

## बरगवां थाना क्षेत्र के पचौर गांव की घटना

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 28 मई। बरगवां थाना क्षेत्र के ग्राम पचौर निवासी एक 28 वर्षीय महिला शीला द्विवेदी की मौत हो गई। उसका शव कुएं में मिला है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि महिला का गला दबाकर कुएं में धक्का दे दिया गया है।**

जानकारी के अनुसार पचौर निवासी शीला द्विवेदी पति मनोज द्विवेदी उम्र 28 वर्ष निवासी पचौर का कुएं से बीती रात करीब 8:30 बजे शव को निकाला गया। ससुराल पक्ष वालों का कहना है कि वह कुएं में कूद गई। जबकि मायके पक्ष वालों का कहना है कि दहेज के चलते प्रताड़ित कर रहे थे। लगातार तंज कस रहे थे। जिसके चलते यह घटना हुई है। उसके गले में निशान मिले हैं। कहीं न कहीं गला घोटकर कुएं में फेंक दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में लगी हुई है।

# जियावन पुलिस की त्वरित कार्रवाई, आगजनी का आरोपी गिरफ्तार

## पुरानी रंजिश में घर फूंका, वारदात में प्रयुक्त बाइक जब्त, घटना के अगले दिन आरोपी पहुंचा जेल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 28 मई। जियावन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटौली में घर में आगजनी करने वाले आरोपी को पुलिस ने घटना के महज अगले ही दिन गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। देवसर अनुभाग की एसडीओपी डॉ. गायत्री तिवारी के निर्देशन में थाना जियावन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 मई को दोपहर लगभग 2 बजे पुरानी रंजिश के चलते आरोपी राजेश द्विवेदी ने फरियादिया अनीता द्विवेदी के घर के पोर्च में अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर उसमें माचिस से आग लगा दी। आग तेजी से फैलते हुए घर के मुख्य दरवाजे, बरामदे और कमरे तक



पहुंच गई, जिससे घर का बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो गया। घटना में पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। फरियादिया की शिकायत पर थाना जियावन में आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 326 (जी) के तहत अपराध दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शेष नारायण दुबे के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आज गुरूवार को आरोपी राजेश द्विवेदी उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम कटौली को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जप्त कर लिया गया। जहां से न्यायालय में पेश करने के बाद जिला जेल पचोर भेज दिया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी शेष नारायण दुबे, उनि यज्ञलाल वर्मा, इंद्रपाल वर्मा, एएसआई तेज बहादुर सिंह, मोहन प्रजापति, प्रआर रमेश चंदन, आशीष द्विवेदी, आर नाथू लाल सहित थाना जियावन के अन्य पुलिसकर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

# घर में लगी आग, आधा दर्जन पशु जिंदा जले

## फोन लगाने के बाद भी नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड

नवभारत न्यूज

**सीधी, 28 मई. नगर परिषद चुरहट के वार्ड क्रमांक 7 कोलदहा स्थित एक घर में आग लगने से आधा दर्जन पशु जिंदा जल गए। वहीं आग से काफी मात्रा में खाद्यान्न भी जलकर खाक हो गया।**

विडंबना यह रही कि आग लगने की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड को फोन किया गया लेकिन बताया गया कि फायर ब्रिगेड खराब है। तत्संबंध में पीड़ित गेंदलाल जायसवाल पिता स्व. राजचंद्र जायसवाल द्वारा चुरहट थाना में लिखित रिपोर्ट की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 27 मई 2026 को मेरे पाही खेत पर स्थित घर में शाम करीब 4:50 बजे के करीब अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने से घर के अंदर मौजूद 5 बकरी एवं एक बछिया के साथ गेहूं 18 बोरी, अरहार 2 बोरी, चना 2 बोरी के साथ ही घर की अन्य सामग्री जलकर खाक हो गई।



**तो टल सकता था बड़ा हादसा** -पीड़त गेंदलाल जायसवाल पिता स्व. राजचंद्र जायसवाल द्वारा चुरहट थाना में लिखित रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि जैसे ही उसके घर में आग लगने की जानकारी मिली उसके द्वारा तत्काल नगर परिषद चुरहट की फायर ब्रिगेड के लिए फोन लगाया गया, लेकिन उसे यह कह कर फोन काट दिया गया कि फायर ब्रिगेड खराब है। ऐसे में अब सवाल यह उठता है कि गर्मी के मौसम में आएदिन आगजनी की घटना सामने निकल कर आ रही है और फायर ब्रिगेड की हालत में सुधार नहीं हुआ तो कितने लोगों के घर अभी खाक हो जाएंगे। चुरहट नगर परिषद के रहवासियों ने कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल फायर ब्रिगेड को ठीक कराने की मांग उठाई है।

### इनका कहना है

आगजनी की जानकारी मिली है, पुलिस और राजस्व टीम द्वारा मौका मुआयना किया गया है पीड़ित को जल्दी आरबीसी 6 (4) के तहत प्रकरण बनाकर, सैंक्शन करवा कर भुगतान भी करवाएंगेरही बात फायर ब्रिगेड के खराब होने की तो उसकी जानकारी मंगाई गई है।

**विकास कुमार आनंद,** एसडीएम चुरहट

# पीठासीन अधिकारियों का प्रशिक्षण आज

**सतना 28 मई.** नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2026 के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदान दल के रूप में चयनित किया गया है। समस्त चयनित पीठासीन, मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण 29 मई को प्रात: 11 बजे से संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के सभाकक्ष में आयोजित किया जायेगा।

# सरई में प्रिंट रेट से ज्यादा बिक रही देशी-विदेशी शराब

नवभारत न्यूज

**सरई 28 मई। सरई में संचालित देशी-विदेशी दुकान के स्टाफ के द्वारा प्रिंट रेट से ज्यादा कीमत पर देशी-विदेशी शराब धड़ल्ले के साथ बेची जा रही है।**

कई लोगों का आरोप है कि जिले में वर्षो से पदस्थ आबकारी निरीक्षक की भूमिका संदिग्ध है। शिकायत के बावजूद आबकारी महकमा कार्रवाई करना दूर, जांच करने से भी परहेज कर रहा है।

जानकारी के अनुसार सरई क्षेत्र में जहां अवैध रूप से कई गांवों में देशी-विदेशी शराब खपाई जा रही है। प्रतिबंध के बावजूद पैकारी भी चल रही है। वहीं कई ग्रामीणों का आरोप भी है कि सरई स्थित देशी-विदेशी शराब दुकान में प्रिंट एमआरपी रेट से ज्यादा शराब बिक रही है। इतना ही नही, एमआरपी प्रिंट रेट से ज्यादा वसूली का विरोध करने पर दुकानदार शराब भी देने से परहेज करते हैं। एक वीडियों भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसमें स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि विक्रेता प्रिंट रेट से ज्यादा पैसा मांग रहा था, जहां क्रेता ने इसका विरोध किया तो शराब को वापस रख लिया। इतना ही नही पीओसी मशीन प्वाइंट ऑफ सेल बगैर मशीन के किया जा रहा है। यहां के कई ग्रामीणों का आरोप है कि आबकारी निरीक्षक के यहां शिकायते कई बार मौखिक तौर पर की गई, परंतु आबकारी विभाग के द्वारा कार्रवाई नही की जा रही है। यहां के ग्रामीणों ने इस ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुये कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

# रेत माफिया के पत्थर से बचने वन टीम ने की फायरिंग

नवभारत न्यूज

**सीधी, 28 मई. सोन घडि?ल अभ्यारण्य क्षेत्र के भेलकी घाट में बीती रात रेत के अवैध उत्खनन में लगे ट्रैक्टरों के पकडऩे जब वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो रेत माफिया द्वारा पत्थर बरसाने शुरू कर दिए गए।**

बचाव में वन टीम को बंदूक से हवाई फायरिंग करनी पड़ी। जिसके बाद रेत माफिया मौके पर से भाग खड़े हुए। वन टीम द्वारा घटनास्थल से चार ट्रैक्टरों को जप्त किया गया है। जिनके राजसात की कार्रवाई की जा रही है। सोन घडि?ल अभ्यारण्य सीधी के परिक्षेत्राधिकारी मनीराम धुर्वे के अनुसार संजय टाईगर रिजर्व सीधी के उप संचालक राजेश कन्ना टी के निर्देशन में अधीक्षक सोन घडि?ल अभ्यारण्य सीधी प्रमोद सिंह के मार्गदर्शन एवं परिक्षेत्र अधिकारी सीधी के हमराह परिक्षेत्र सहायक सिहावल संजीव कुमार सोनकर की अगुवाई में वन अमला की गठित टीम द्वारा दिनांक 26-27 मई 2026 की दरम्यानी रात प्रतिबंधित क्षेत्र सोन नदी की रात में गस्त की जा रही थी। गस्त के दौरान बीट कुर्वाह अंतर्गत भेलकी घाट सोन नदी से कुछ वाहनों से अवैध रेत उत्खनन/परिवहन किए जाने की सूचना मुखविर से मिली। मोबाइल पर सूचना मिलने पर अधीक्षक सोन घडि?ल अभ्यारण्य सीधी को अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन में वाहनों से वन अमला टीम भेलकी घाट पहुंची। यहां चार ट्रैक्टर ट्राली में अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर परिवहन के लिए रेता लोड किया जाता था। वन टीम को आते देखकर सभी ट्रैक्टर चालक रेता को अनलोड कर भागने का प्रयास किए। किंतु रास्ते में वन टीम के मौजूद होने से सभी चालक भाग खड़े हुए। इसके बाद वन टीम द्वारा ट्रैक्टरों को जप्त करने की कार्रवाई शुरू की गई। उसी दौरान रेत माफिया के लोग मौके पर पहुंचे और पत्थरबाजी शुरू कर दिए। जिससे वाहन का कांच टूट गया। तब आत्मरक्षा में वरिष्ट अधिकारी से अनुमति लेकर हवाईफायर किया गया। जिसके बाद रेत माफिया के लोग भाग खड़े हुए। घटना से पुलिस थाना जमोड़ी को भी सूचित किया गया। भेलकी घाट में पुलिस अमला एवं अन्य अतिरिक्त वन अमला मौके पर पहुंचा।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99